फाइल सं0 6/14/एनसीएससी/2011-समन्वय प्रको-ठ

भारत सरकार

# रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

पांचवीं मंजिल, लोकनायक भवन

खान मार्किट, नई दिल्ली-110003

**दिनांक** 28 **जुलाई**, 2011

**वि-ायः राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 18वीं बैठक का कार्यवृत्त ।**

रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की **दिनांक 18-07-2011 को पूर्वाह्न** 12.30 **बजे** आयोजित 18**वीं बैठक** के अनुमोदित कार्यवृत्त की प्रति सूचनार्थ अग्रेषित की जाती है ।

**(एस.एन. मीणा)**

**भारत सरकार के अवर सचिव**

1. डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष
2. श्री राज कुमार वेरका, उपाध्यक्ष
3. श्री एम. शिवाना, सदस्य
4. श्री राजू परमार, सदस्य
5. श्रीमती लता प्रियाकुमार, सदस्य

संयुक्त सचिव के वरिष्ठ प्रधान निजी सचिव

**निम्नलिखित अधिकारियों को कार्यवृत्त की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि वे बैठक में लिए गए निर्णयों पर 3 दिन के भीतर कार्रवाई करें :-**

1. श्री एस. केसवा अय्यर, उप सचिव (एसएसडब्ल्यू)
2. श्री एस.एन. मीणा, अवर सचिव (प्रशा./सी.सैल)
3. श्री लोखन मरन्डी, अवर सचिव (एपीसीआर)
4. श्री कौशल कुमार, उप निदेशक(ईएसडीडब्ल्यू)

**(एस.एन. मीणा)**

**भारत सरकार के अवर सचिव**

# <u>राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 18वीं बैठक का कार्यवृत्त</u>

रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की 18वीं बैठक डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की अध्यक्षता में **दिनांक 18-07-2011 को अपराह्न** 12.30 **बजे** उनके कार्यालय में आयोजित की गई थी । प्रतिभागियों की सूची **<u>अनुबंध–I</u>** पर है ।

आयोग ने कार्यसूची की निम्नलिखित मदों पर विचार-विमर्श किया:-

**कार्यसूची की मद संख्या 1: राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में गठित समितियों की प्रगति**

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में गठित समितियों की प्रगति पर आयोग की बैठक में विचार-विमर्श किया गया और यह निर्णय लिया गया कि समिति की सिफारिश को शीघ्र अंतिम रूप दिया जाए ।

(**कार्रवाई: उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य**)

**कार्यसूची की मद संख्या 2: उच्चतम न्यायालय के दिनांक 19–10–2006 के निर्णय के संबंध में भारत के महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित समता आंदोलन समिति, जयपुर, राजस्थान का अभ्यावेदन ।**

उच्चतम न्यायालय के दिनांक 19-10-2006 के निर्णय के संबंध में भारत के महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित समता आंदोलन समिति, जयपुर, राजस्थान के अभ्यावेदन के मामले पर आयोग की बैठक में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया और यह निर्णय लिया गया कि आयोग द्वारा भारत के महामहिम राष्ट्रपति को एक ज्ञापन प्रस्तुत किया जाना चाहिए जिसके साथ "अनुसूचित जाति के सदस्यों के लिए पदोन्नति में आरक्षण" पर राष्ट्रीय अनसुचित जाति आयोग द्वारा किए गए अध्ययन की प्रति संलग्न की जाए ।

(**कार्रवाई: एसएसडब्ल्यू**)

अन्त में अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद प्रस्ताव के साथ बैठक समाप्त हुई ।

**अनुबंध -I**

**रा-ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की दिनांक 18-07-2011 को अपराह्न 12.30 बजे माननीय अध्यक्ष के आफिस चेम्बर में आयोजित 18वीं बैठक ।**

**उपस्थित सदस्य एवं अधिकारी**

| *क्र.सं.* | *नाम एवं पदनाम* |
|---|---|
| 1. | डॉ. पी.एल. पुनिया, अध्यक्ष |
| 2. | श्री राज कुमार वेरका, उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री राजू परमार, सदस्य |
| 4. | श्री एम. शिवाना, सदस्य |

**अधिकारी**

1. श्री टी. तीथन, संयुक्त सचिव
2. श्री एस. केसवा अय्यर, उप सचिव
3. श्री एस.एन. मीणा, अवर सचिव